आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–08.03.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक सभागार में एक बैठक आयोजित किया गया जिस में सभी विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। इस अवसर पर, आरेडिका में इस वर्ष उत्कृट कार्य करने वाली विभिन्न विभागो की छः महिला कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया जिस में श्रीमती/सुश्री, रेणुका मिश्रा, निधि शर्मा, उर्मिला यादव, रश्मी यादव, सोनिका सरकार और संगिता यादव शामिल रही।

महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा ने अपने सम्बोधन में महिलाओं की आरेडिका में और समाज में भूमिका के महत्व की सराहना की और नारी कल्याण एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सभी प्रबुद्ध कर्मचारियों पर्यवेक्षको एवं अधिकारियों का आवहान किया।

इस अवसर पर सरस्वती प्रेक्षागृह/आरेडिका, रायबरेली में महिलाओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपाध्यक्षा महिला कल्याण संगठन श्रीमती छवि अनूप संग सभी कार्यकारिनी सदस्यओ ने हिस्सा लिया। इसके साथ साथ निशुल्क उरी फिल्म भी दिखाई गई जिसमें आरेडिका परिवार की महिलाओ ने बढचढ कर हिस्सा लिया।

8/3/19

(आर. पी. शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी